27 अप्रैल 2026

सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




एक कट्ठा जमीन के लिए भाई बना कातिल बनजरियां में खून से लाल हुई रिश्तों की डोर

2



## खबरें फटाफट

### ईरान का हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुला, खाड़ी देशों से बढ़ीं भारत के लिए उड़ानें

**नई दिल्ली।** ईरान का हवाई क्षेत्र मालवाहक और चार्टर्ड उड़ानों के लिए आंशिक रूप से खुल गया है। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है और जो पहले से वहां हैं, उनसे दूतावास के सहयोग से भूमि सीमा के रास्ते देश छोड़ने का आग्रह किया गया है। अब तक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भूमि सीमा मार्गों के माध्यम से 2,445 भारतीय नागरिकों को ईरान से बाहर निकलने में सहायता की है।इजरायल का हवाई क्षेत्र खुला है और क्षेत्र के गंतव्यों के लिए सीमित उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं, जिनका उपयोग भारत की आगे की यात्रा के लिए किया जा सकता है। संयुक्त अरब अमीरात में, परिचालन और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के आधार पर एयरलाइंस भारत के लिए सीमित वाणिज्यिक उड़ानें संचालित करना जारी रखे हुए हैं। सऊदी अरब और ओमान के विभिन्न हवाई अड्डों से भारत के विभिन्न गंतव्यों के लिए उड़ानें जारी हैं।कतर का हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुला होने के कारण कतर एयरवेज भी भारत के विभिन्न गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

### बीड में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी; दो की मौत

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में एक राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार रात को धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गेओराई तहसील के पदलसिंगी फ्लाईओवर के पास हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अभिजीत सुभाष राठौड़ (23) और अभिजीत एकनाथ पवार (23) के रूप में हुई है। वे बीड में कपड़े खरीदने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

## बंगाल में टीएमसी का गुंडा राज चल रहा है : राहुल गांधी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ममता बनर्जी के सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नहीं, बल्कि टीएमसी का गुंडा राज चल रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि चुनाव के बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या बेहद निंदनीय है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं भी व्यक्त कीं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि बंगाल में वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना और मिटाना टीएमसी का चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य में राजनीतिक हिंसा लगातार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी है और न ही कभी टिकेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने भी अपने कई कार्यकर्ता खोए हैं, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस ने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही पार्टी की विरासत है और यही उसका संकल्प भी है। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद ळटउ से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना - यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। उन्होंने आगे लिखा, "कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी, और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प।

### भारत की अहिंसक परंपरा पर चोट

उन्होंने मांग की कि इस मामले में सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, उन्हें कठोरतम सजा दी जाए और मृतक कार्यकर्ता के परिवार को पूरी सुरक्षा तथा उचित मुआवजा दिया जाए। राहुल गांधी ने अपने बयान के अंत में कहा कि भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली इस राजनीति के सामने कांग्रेस झुकेगी नहीं। उन्होंने भरोसा जताया कि पीड़ित परिवार को न्याय जरूर मिलेगा। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आसनसोल में कांग्रेस समर्थक देबदीप चटर्जी की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की थी, जिसपर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रिएक्ट किया। देबदीप चटर्जी आसनसोल उत्तर से कांग्रेस उम्मीदवार प्रसेनजीत पुइतांडी के साथ काम करते थे।

## राजस्थान में रहस्यमयी बीमारी से दो सप्ताह में 11 बच्चों की मौत

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के सलूंबर जिले में एक रहस्यमयी बीमारी से पिछले दो सप्ताह में 11 बच्चों की मौत हो चुकी है। मृतकों की उम्र दो से छह साल के बीच में है। बच्चों में तेज बुखार, उल्टी-दस्त और ऐंठन जैसे लक्षण देखे गए हैं। हालात को देखते हुए आदिवासी बहुल जिले में चिकित्सा विभाग की टीम घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। सलूंबर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र परमार ने कहा कि जांच के बावजूद बच्चों की मौत के कारणों की सही जानकारी सामने नहीं आ सकी है। बता दें कि सलूंबर जिले के कुंडा गांव में दो चचेरी बहनों की उल्टी की शिकायत के बाद मौत हो गई। घाटा, लसाड़िया, कुंडा और घाटीफला गांव में एक-एक बच्चे की मौत हुई है। झल्लारा गांव में दो बच्चों की मौत हुई है। राज्य की प्रमुख चिकित्सा सचिव गायत्री राठौड़ ने आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिए गए हैं। राठौड़ ने खाद्य पदार्थों एवं पानी की जांच के निर्देश दिए हैं। आदिवासियों के बीच पहुंचे जूलीराज्य विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने शनिवार को लसाड़िया पहुंचकर गांव में मृतकों के स्वजन से मुलाकात की।

## 4 मई के बाद टीएमसी के हर गुंडे, हर अत्याचारी और हर भ्रष्टाचारी का होगा हिसाब : पीएम मोदी



- 15 साल तक टीएमसी ने बंगाल के लोगों को लूटा
- जनता मां दुर्गा का रूप धर कर अन्याय का विसर्जन कर देती है

**एजेंसी। आरमबाग**

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के आरमबाग में चुनावी रैली को संबोधित किया है। इससे पहले उन्होंने बनगांव में जनसभा को संबोधित किया था। वहीं आरमबाग की रैली में भी पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा, कुछ समय पहले मैं सिंगूर आया था, उसी समय मैंने टीएमसी की निर्मम सरकार के प्रति जनता का गुस्सा साफ-साफ देख रहा था। आज मैं फिर देख रहा हूं, वो गुस्सा अपने चरम पर पहुंच चुका है, और इस गुस्से में बंगाल का एक ही उद्देश्य है। 15 साल तक टीएमसी ने बंगाल के लोगों को लूटा, लेकिन ये लोग एक चीज भूल गए, जब अत्याचार की हद हो जाती है, तो जनता मां दुर्गा का रूप धर कर अन्याय का विसर्जन कर देती है। आज बंगाल के हर बूथ पर उमड़ता जनसैलाब कह रहा है, भय आउट भरोसा इन। टीएमसी को गुंडे और मस्तान चलाते हैं

पीएम मोदी ने आगे कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार, नबन्ना सचिवालय से नहीं चलती है। इस सरकार को या तो गुंडे और मस्तान चलाते हैं या फिर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार हरकत में आती है। मैंने कहा था कि बंगाल में मतदान के सभी पिछले रिकॉर्ड टूट जाएंगे, और बंगाल की जनता ने 23 अप्रैल को इसे सच कर दिखाया। अब आपको 23 अप्रैल को बने रिकॉर्ड को तोड़ना होगा।जनता के मिजाज का अंदाजा न लगा पाने वाले लोग भारी संख्या में मतदाताओं के आने से हैरान हैं। टीएमसी नेता चिंतित हैं क्योंकि उन्होंने इतनी भारी संख्या में मतदान की उम्मीद नहीं की थी।

### टीएमसी सरकार की विश्वसनीयता शून्यश

टीएमसी पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि निर्मम सरकार ने यहां अपने कुकर्मों से बंगाल की जनता का भरोसा खो दिया है, इसलिए लोग आए दिन कोर्ट-कचहरी जाने को मजबूर हैं। शिक्षक भर्ती घोटाला, टीएमसी के मंत्रियों ने भर्ती लूट ली, हजारों युवाओं को बर्बाद कर दिया। संवेदनशील सरकार होती तो ईमानदारी से जांच करती, लेकिन कोर्ट को इस मामले में जांच के आदेश देने पड़े। यानी टीएमसी सरकार की विश्वसनीयता शून्य है। 2023 के पंचायत चुनावों के दौरान, जिनका संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी उन्हीं के हाथों में होती है, न्यायालय इस बात से आश्वस्त हुआ कि टीएमसी सरकार सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है, और इसलिए न्यायालय ने केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया। इसका अर्थ है कि टीएमसी की विश्वसनीयता शून्य है। एक अन्य उदाहरण संदेशखाली मामले की जांच है। इसमें भी न्यायालय ने टीएमसी सरकार पर सवाल उठाए।

## छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी कर घिरे धीरेंद्र शास्त्री

**एजेंसी। नागपुर**

बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली है। महाराष्ट्र में भारी विरोध के बाद उन्होंने खेद व्यक्त किया। शास्त्री ने दावा किया कि उनके बयान को सोशल मीडिया पर तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि अपमान करना तो दूर की बात है, मैं अपने सपने में भी छत्रपति शिवाजी महाराज की आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकता। नागपुर के एक कार्यक्रम में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शिवाजी महाराज को लेकर एक दावा किया था। उन्होंने कहा था कि शिवाजी



महाराज युद्धों से थक गए थे। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को त्यागने की इच्छा जताई थी। शास्त्री के अनुसार, महाराज अपना मुकुट लेकर गुरु समर्थ रामदास के पास पहुंचे थे। शिवाजी महाराज ने अपना मुकुट उनके चरणों में रख दिया था। शास्त्री ने यह भी कहा था कि तब गुरु रामदास ने मुकुट वापस शिवाजी के सिर पर रखा और उन्हें सिखाया कि थकान के बावजूद अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना ही सच्ची सेवा है। इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया। पूर्व राज्यसभा सदस्य संभाजीराजे छत्रपति ने शास्त्री पर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस मध्य प्रदेश से शास्त्री आते हैं, वहां के महान योद्धा छत्रसाल बुंदेला ने शिवाजी महाराज से ही प्रेरित होकर मुगलों के खिलाफ जंग जीती थी। संभाजीराजे ने शास्त्री के ज्ञान पर सवाल उठाते हुए उन्हें अपने ही राज्य का इतिहास न जानने वाला बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे पाखंडी बाबाओं के कार्यक्रमों पर राज्य में रोक लगाई जाए।

## जालना में बैंक में 7 करोड़ के गोल्ड लोन घोटाले का खुलासा

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के जालना जिले में केनरा बैंक की एक शाखा में करीब 7.31 करोड़ रुपये के कथित गोल्ड लोन घोटाले का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि गोल्ड लोन खातों से आभूषण चोरी कर उनकी जगह नकली गहने रखे गए थे। इस मामले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही बैंक की बदनापुर शाखा के प्रबंधक, एक अन्य अधिकारी और एक गोल्ड मूल्यांकनकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, इस गड़बड़ी का पता हाल ही में बैंक में रखे गोल्ड लोन पैकेटों के नियमित तिमाही पुनर्मूल्यांकन के दौरान चला। 22 अप्रैल को अधिकारियों ने कई पैकेटों में नकली सोना पाया। जांच में सामने आया कि 22 गोल्ड लोन पैकेटों में 3.79 करोड़ रुपये के नकली गहने थे, जबकि 30 पैकेट, जिनमें 3.52 करोड़ रुपये का सोना था, स्ट्रॉन्ग रूम से गायब मिले। बदनापुर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 23 अप्रैल की सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक बैंक अधिकारी को कथित तौर पर स्ट्रॉन्ग रूम से सोने के पैकेट चुराकर छिपाते हुए देखा गया। पुलिस के मुताबिक, शाखा प्रबंधक ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए संबंधित अधिकारी को अकेले स्ट्रॉन्ग रूम में जाने की अनुमति दी, जो कर्तव्य में लापरवाही को दशार्ता है। इसके अलावा, गोल्ड मूल्यांकन पर नकली सोने को असली प्रमाणित करने का आरोप है, जिससे इस धोखाधड़ी को अंजाम देने में मदद मिली। एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी की शिकायत के आधार पर बदनापुर पुलिस ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी और लापरवाही के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मामले की आगे जांच जारी है।







## शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत बुद्धिजीवियों संग संवाद, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का संदेश

# डुमरांव में संघ की प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित, पंच परिवर्तन से समाज निर्माण पर जोर




**केटी न्यूज/डुमरांव**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों के अंतर्गत रविवार को डुमरांव स्थित अनंतविजयम एकेडमी परिसर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संघ के विचार, उद्देश्य और सामाजिक सरोकारों पर सार्थक संवाद हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत शिक्षण बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र भाई त्यागी, प्रांत कुटुंब के सह संयोजक जयशंकर पाण्डेय, मिश्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के निदेशक चंदन कुमार मिश्र तथा नगर संघचालक वीरेंद्र राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

विषय प्रवेश कराते हुए विभाग कार्यवाह विमल कुमार सिंह ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रमुख जन गोष्ठी भी शामिल है। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध लोगों के साथ संवाद स्थापित कर संघ के विचार और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

मुख्य अतिथि एवं वक्ता उपेंद्र भाई त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्ष पूर्व व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का जो विराट संकल्प लिया था, वह आज भी उसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि संघ की सतत साधना ने समाज में बड़े परिवर्तन की मजबूत नींव रखी है, जो प्रेरणादायी और अनुकरणीय है।

उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष में संघ ह्यपंच परिवर्तनह्न के माध्यम से समाज परिवर्तन का संदेश दे रहा है। इसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का जागरण तथा नागरिक शिष्टाचार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन और व्यवहार में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाए, तो समाज निर्माण में बड़ी भूमिका निभा सकता है।

उपेंद्र भाई त्यागी ने सामाजिक खाई को पाटने के लिए सामाजिक समरसता को जीवन का स्वाभाविक आग्रह बनाने पर बल दिया। गोष्ठी में उपस्थित करीब एक दर्जन लोगों ने भी अपने विचार रखे और बताया कि किस प्रकार वे छोटे-छोटे संकल्पों के साथ अपनी आदतों में बदलाव लाकर समाजहित में योगदान दे रहे हैं।

मिश्र इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन एवं निदेशक चंदन कुमार मिश्र ने कहा कि उनका संस्थान भी पंच परिवर्तन के सिद्धांतों को आधार बनाकर संचालित हो रहा है। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन भी किया। कार्यक्रम का संचालन विमल कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में सामूहिक गीत संस्थान के उप प्राचार्य संतोष कुमार एवं सुधांशु भगत ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक अभिषेक भारती, रघुवर सिंह, संजय चौबे, डॉ. अभय कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार उपाध्याय, रामाश्रय राम, राजीव भगत, वंदना भगत, जितेंद्र मिश्रा, मुकेश कुमार सिंह, राजीव सिंह, पशुपति सिंह, भरत प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वर्षों पुराने जमीन विवाद ने लिया हिंसक मोड़

# एक कट्ठा जमीन के लिए भाई बना कातिल बनजरियां में खून से लाल हुई रिश्तों की डोर

- बड़े भाई की हत्या, पत्नी और पुत्र घायल, आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुरार थाना क्षेत्र के बनजरियां गांव में रविवार की सुबह एक कट्ठा जमीन को लेकर ऐसा खूनी खेल हुआ, जिसने रिश्तों की बुनियाद को ही हिला दिया। मामूली जमीन विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात में मृतक की पत्नी और पुत्र भी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और मातम का माहौल है। मृतक की पहचान बनजरियां गांव निवासी अक्षय लाल यादव (50 वर्ष), पिता स्व. रामाशीष यादव के रूप में हुई है।





बताया जाता है कि पिता की मौत के बाद परिवार में जमीन का बंटवारा हुआ था, लेकिन एक कट्ठा जमीन को लेकर दोनों भाइयों के बीच पिछले दो-तीन वर्षों से लगातार विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन मामला सुलझ नहीं सका। यही विवाद आखिरकार खून-खराबे में बदल गया। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब छह बजे दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर फिर कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई कृष्ण यादव ने आपा खो दिया और धारदार हथियार लेकर बड़े भाई अक्षय लाल यादव पर टूट पड़ा। अचानक हुए हमले से अक्षय लाल संभल भी नहीं सके और गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पति को बचाने के लिए दौड़ी पत्नी मीना देवी और बीच-बचाव करने पहुंचे पुत्र विकास यादव पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। दोनों घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में मृतक के घर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां खुशबू देवी, उषा देवी और एक पुत्र छोड़ गए हैं। परिवार के सामने अब रोजी-रोटी और सुरक्षा दोनों का संकट खड़ा हो गया है। सूचना मिलते ही मुरार थाना पुलिस के साथ कोरान सराय एवं बगेन थाना की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष्ण यादव तथा उसकी पत्नी सुनीता देवी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित पक्ष में न्याय की उम्मीद जगी है। डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के प्रयास भी जारी हैं। इस वारदात ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जमीन का छोटा-सा टुकड़ा इंसान को कितना अंधा बना देता है। जहां भाई एक-दूसरे के सहारे होते हैं, वहीं अब वही भाई एक-दूसरे की जान के दुश्मन बनते जा रहे हैं। बनजरियां की यह घटना सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि टूटते पारिवारिक मूल्यों की भी दर्दनाक तस्वीर है।

## एक नजर

### कतिकनार के विवेक ने जेईई मेंस में हासिल किए 96.77 परसेंटाइल



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और दृढ़ संकल्प हो तो सफलता कदम चूमती है। इसे सच कर दिखाया है प्रखंड के कतीकनार गांव के छात्र विवेक कुमार ने जेईई मेंस में 96.77 परसेंटाइल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बिना किसी बड़े कोचिंग संस्थान के केवल सेल्फ स्टडी के दम पर यह सफलता हासिल की, जो आज युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।विवेक, अजीत कुमार सिंह के पुत्र हैं, जो जवाहर नवोदय विद्यालय, चौरसिया कैमूर में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। विवेक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नवोदय विद्यालय से प्राप्त की और बाद में आर.पी.एस. एकेडमी से 12वीं की परीक्षा दिए है। शुरू से ही मेधावी और अनुशासित रहे विवेक ने लगातार मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया।

इस उपलब्धि पर जहां परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं गांव के लोग भी गर्व महसूस कर रहे हैं। विवेक का सपना कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करना है और आगे चलकर सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।वहीं विवेक के पिता ने कहा कि बेटे की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। उसने हमेशा मेहनत और अनुशासन को अपना आधार बनाया। हम चाहते हैं कि वह आगे भी इसी तरह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता रहे और समाज व देश का नाम रोशन करे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा थाना क्षेत्र के महुअरी गांव के पास रविवार अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान बाली गांव निवासी अखिलेश कुमार बिंद की 35 वर्षीय पत्नी प्रमिला देवी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रमिला देवी रविवार सुबह करीब चार बजे घर से टहलने के लिए निकली थीं। इसी दौरान महुअरी गांव के समीप सड़क पार करने या सड़क किनारे चलने के समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना सोनवर्षा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार वालों ने बताया कि प्रमिला देवी रोज सुबह टहलने जाती थीं, लेकिन रविवार की सुबह यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सोनवर्षा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर चालक की पहचान करने की कोशिश जारी है।

# सफाई के अभाव में सड़क पर जलजमाव, ग्रामीण परेशान



**केटी न्यूज/केसठ।**

प्रखंड के केसठ नया बाजार जाने वाली मुख्य सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उर्दू मध्य विद्यालय से नया बाजार तक जाने वाली यह सड़क दलित बस्ती होकर गुजरती है, जो इलाके की प्रमुख आवाजाही मार्ग मानी जाती है।नाली की नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल गया है, जिससे राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। खासकर पूजा-अर्चना के लिए जाने वाली महिलाओं, विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों और आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जलजमाव और गंदगी के कारण फिसलन की स्थिति बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली की सफाई कराने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।




# मारुति नगर में आपसी विवाद में मारपीट, चार जख्मी, चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मारुति नगर कॉलोनी में रविवार को दो पक्षों के बीच हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से दो-दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसी छोटी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई थी। शुरूआत में स्थानीय लोगों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता चला गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। कुछ ही देर में मारपीट शुरू हो गई, जिसमें कई लोगों को चोटें आईं।

घायलों में एक पक्ष के रमेश कुमार वर्मा (57 वर्ष) शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से हीरालाल गोंड़ (70 वर्ष), मुरारी गोंड़ (52 वर्ष) तथा सोनू गोंड़ घायल हुए हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। एक पक्ष की ओर से चार लोगों को नामजद किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष ने रमेश वर्मा, उनके पुत्र शिवम तथा अभिषेक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से दो-दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद कॉलोनी में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि दोबारा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।






# काम पूरा, पैसा गायबः डेढ़ साल से भुगतान के इंतजार में ठेकेदार, विभाग तक पहुंची गुहार

- डुमरांव नगर परिषद पर गंभीर आरोप, बैंक ऋण लेकर कराया था जर्मन हेंगर निर्माण, अब कर्ज और ईएमआई का बढ़ा बोझ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद में विकास कार्यों के भुगतान को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। नगर परिषद द्वारा कराए गए दो जर्मन हेंगर अस्थायी आश्रय स्थल निर्माण का काम पूरा हुए डेढ़ साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन संवेदक को अब तक एक भी रुपये का भुगतान नहीं किया गया है। परेशान ठेकेदार ने अब नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव से हस्तक्षेप की मांग की है।



मामला नगर परिषद डुमरांव की निविदा संख्या 1/2024-25 से जुड़ा है, जो 12 जून 2024 को प्रकाशित की गई थी। इस निविदा के तहत ग्रुप संख्या-01 और 02 में दो जर्मन हेंगर अस्थायी आश्रय स्थल बनाए जाने थे। तुलसीपुर निवासी संवेदक अशोक कुमार सिंह ने सबसे कम दर पर निविदा हासिल की, जिसके बाद उन्हें कार्य आवंटित किया गया।

संवेदक के अनुसार, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी के साथ 5 सितंबर 2024 को विधिवत एकरारनामा हुआ और पत्रांक 1950 एवं 1951 के तहत कार्यादेश जारी किया गया। आदेश मिलने के बाद निर्धारित दोनों स्थलों पर निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराया गया और 9 दिसंबर 2024 तक पूरा कर दिया गया।

आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी नगर परिषद ने अब तक भुगतान नहीं किया। जबकि कार्य पूर्ण हुए करीब 19 माह गुजर चुके हैं। भुगतान के इंतजार में संवेदक आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य बैंक से ऋण लेकर कराया गया था और अब ईएमआई चुकाने के लिए उन्हें दूसरे स्त्रोतों से कर्ज लेना पड़ रहा है। इससे परिवार पर भी आर्थिक दबाव बढ़ गया है।

संवेदक ने बताया कि भुगतान के लिए उन्होंने 10 अप्रैल, 26 अप्रैल और 2 जून 2025 को कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं मिलने पर अब उन्होंने विभाग के प्रधान सचिव को आवेदन भेजकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है।

इस मामले ने नगर परिषद की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो यह मामला और तूल पकड़ सकता है। अब सबकी नजर विभागीय कार्रवाई पर टिकी है।

## 27 एजेंसियों से घरेलू सिलेंडर वितरण जारी, 1245 शिकायतों में 1205 का निपटारा, शादी-श्राद्ध के लिए अलग व्यवस्था लागू

# बक्सर में गैस आपूर्ति पर प्रशासन की कड़ी नजर, कालाबाजारी पर शिकंजा तेज





**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और जमाखोरी-कालाबाजारी पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से लाखों उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर पहुंचाया जा रहा है।

जिले में इंडियन ऑयल की 13, भारत पेट्रोलियम की 6 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 8 एजेंसियां संचालित हैं। घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या भी बड़ी है। इंडियन ऑयल के 2 लाख 2 हजार 360, भारत पेट्रोलियम के 57 हजार 517 और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90 हजार 668 उपभोक्ता जिले में पंजीकृत हैं।

13 मार्च 2026 से 25 अप्रैल तक कुल 2 लाख 4 हजार 846 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है। वहीं 25 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 6 हजार 562 सिलेंडरों का भंडार उपलब्ध है। जिले में प्रतिदिन औसत मांग 6419 सिलेंडर है, जबकि प्रतिदिन औसत रीफिल आपूर्ति 5535 सिलेंडर की हो रही है। फिलहाल 23 हजार 209 बुकिंग लंबित हैं, जिससे करीब 4 दिन का बैकलॉग बना हुआ है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहरी उपभोक्ताओं को अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक करने की अनुमति है। यह व्यवस्था अनावश्यक बुकिंग रोकने और सभी तक समान आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है।

एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिले के वरीय अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लगातार एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर रहे हैं। अब तक ऐसे मामलों में दो प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं।

25 अप्रैल को 10 गैस एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि गैस, पेट्रोलियम पदार्थ या आवश्यक वस्तुओं को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है।

जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। गैस आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के लिए लोग दूरभाष संख्या 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं। अब तक कुल 1245 शिकायतें मिली हैं, जिनमें 1205 का निपटारा कर दिया गया है, शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है।

शादी और श्राद्ध कार्यक्रमों के लिए वाणिज्यिक गैस की अलग व्यवस्था की गई है। संबंधित व्यक्ति को निमंत्रण पत्र के साथ अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में आवेदन देना होगा। मांग और उपलब्धता के आधार पर रसोइयों व कैटरर्स को सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा।

अब तक बक्सर अनुमंडल से 337 और डुमरांव अनुमंडल से 306 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला पदाधिकारी लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों और तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि हर हाल में आम उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाई जाएगी।

## एक नजर

### चक्की में देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो शराबी भी पकड़ाए

**चक्की।** चक्की थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार और नशाखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बाबूरानी भागर इलाके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 18 लीटर मसाला देशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय यादव, पिता स्वर्गीय काशीनाथ यादव, निवासी चक्की भोला डेरा, थाना चक्की के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बाबूरानी भागर क्षेत्र में अवैध शराब की खेप पहुंचाई गई है और उसकी सप्लाई की तैयारी चल रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 18 लीटर मसाला देशी शराब बरामद की गई। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही उससे पूछताछ कर शराब के नेटवर्क और सप्लायरों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं। इधर, थाना क्षेत्र में नशाखोरी पर भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। अभियान के दौरान दो लोगों को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। दोनों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चक्की थानाध्यक्ष ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार और नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर शराब माफियाओं और नशाखोरों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि कहीं भी शराब के अवैध कारोबार की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### दहेज हत्या के फरार आरोपित ने पुलिस दबाव में कोर्ट में किया सरेंडर

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के रमसर मठिया गांव में पिछल दिनों दहेज में सोने की चेन के लिए एक नवविवाहिता की जहर देकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में फरार चल मुख्य आरोपित सह मृतका के पति पवन गिरी ने पुलिसिया दबिश में आखिरकार बक्सर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जबकि पूर्व में पुलिस ने उसकी मां को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस का कहना है कि इस दहेज हत्या कांड में मृतका की सास को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना के बाद से मृतका का पति पवन गिरी फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। बढ़ते दबाव और गिरफ्तारी की आशंका के बीच उसने कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया। बताया जाता है कि 28 मई 2023 को रमसर मठिया गांव निवासी अंग्रहीत गिरी के पुत्र पवन गिरी के साथ उसकी की शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज में बाइक और सोने की चेन की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर महिला को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। सास अक्सर ताना देती थी कि उसके बेटे की शादी ह्लकंगाल घरह्व में हो गई है। परिजनों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति और सास ने मिलकर महिला को जहर दे दिया। हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की थी।

### नुआंव पुलिया पर तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना-बक्सर एनएच 922 पर स्थित नुआंव पुलिया के समीप रविवार की शाम सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि पीछे से तेज गति से आ रही एक एम्बुलेंस ने आगे चल रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल की पहचान नुआंव गांव निवासी अनिल ठाकुर (लगभग 50 वर्ष) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अनिल ठाकुर अपने गांव से कृष्णाब्रह्म बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बक्सर की तरफ जा रही एम्बुलेंस ने नुआंव पुलिया के पास उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए।

# बक्सर के बंजरिया गांव में जमीन विवाद बना खूनी संघर्ष, बड़े भाई की मौत, महिला समेत दो घायल

**केटी न्यूज/चौगाई**

बक्सर जिले के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजरिया गांव में रविवार सुबह जमीन विवाद ने भयावह रूप ले लिया। वर्षों से चल रहे पारिवारिक विवाद के बीच दो सगे भाइयों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में बड़े भाई की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कृष्णा यादव और उनके बड़े भाई अच्छेबरलाल यादव के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह दोनों पक्षों के बीच फिर से बहस शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद उग्र हो गया और आरोप है कि कृष्णा यादव ने पास में रखा धारदार हथियार उठाकर हमला कर दिया।

हमले में अच्छेबरलाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके हाथ पर गहरा वार होने से काफी खून बह गया। बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी पत्नी मीना देवी और पुत्र विकास कुमार भी हमले की चपेट में आकर घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल चौगाई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद अच्छेबरलाल यादव की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मुरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष्णा यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुरार थाना पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद को घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। मामले की जांच जारी है। वहीं गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और एहतियातन पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

# भोजन बैंक ने 55वें सप्ताह गरीबों को कराया निःशुल्क प्रसाद रूपी भोजन

- अजित कुमार ने शादी की 25वीं वर्षगांठ पर कराया सेवा कार्य, 3 मई को फिर लगेगा भोजन बैंक शिविर

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तहत संचालित भोजन बैंक बक्सर द्वारा 55वें सप्ताह गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क प्रसाद रूपी भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने भोजन ग्रहण किया।

इस सेवा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजित कुमार (बाला जी) एवं मनोज वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। विशेष अवसर पर शिक्षक अजित कुमार ने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ पर गरीबों के लिए भोजन बनवाकर मानव सेवा का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने उनके इस कार्य की सराहना की।




कार्यक्रम में भुआली वर्मा, ललन राम एवं शिक्षक अर्जुन कुमार ने कहा कि भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि ह्लनर सेवा ही नारायण सेवा हैह्व, इसलिए गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

संस्थान को आर्थिक सहयोग देने वालों में शिवानंद उपाध्याय, राहुल वर्मा (आरआर एग्रीमेंट), रमेश वर्मा, राज मल्होत्रा, प्रमोद लोहिया, शमा परवीन, शिक्षक मोहम्मद आलम तथा राजेश कुमार सिंह (मुन्ना सिंह) शामिल रहे।

कार्यक्रम में शिवम राय, मनोज गुप्ता समेत कई अभिभावक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर शिक्षक राजीव रंजन मिश्रा, संतोष राय एवं चंदू जी ने भोजन बैंक को निरंतर संचालित रखने में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं, कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वहीं प्रमोद केशरी, राजेश गुप्ता (सेठ जी) एवं राज मल्होत्रा के सहयोग से पूर्व की भांति इस बार भी गौ ग्रास देकर गौ सेवा की गई।

संस्थान के अध्यक्ष दीनानाथ जी, सलाहकार सह जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा, शिक्षक अर्जुन सिंह एवं मार्गदर्शक ललन राम ने बताया कि आगामी रविवार 3 मई को सुबह 9 बजे पुनः बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में भोजन बैंक का आयोजन होगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक लोग पहुंचकर जरूरतमंदों को भोजन कराएं और पुण्य के भागी बनें।

# कुमार नयन को शब्दांजलि: साहित्य, समाज और बक्सर की मिट्टी से जुड़े रचनाकार को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

- पांचवीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी, पुस्तक लोकार्पण और कवि सम्मेलन का आयोजन वक्ताओं ने कहा—कुमार नयन आज भी विचारों में जीवित हैं

**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित साहित्यकार और गजलकार कुमार नयन की पांचवीं पुण्यतिथि पर रविवार को शहर के कामरेड ज्योति प्रकाश मेमोरियल लाइब्रेरी में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शहर के बुद्धिजीवियों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ साहित्यकार एवं देशज के संपादक अरुण शीतांश द्वारा कुमार नयन पर केंद्रित पुस्तक जहां कोई कबीर जिंदा है के लोकार्पण से हुई। इसके बाद वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साहित्य की भूमिका, चुनौतियां और समाधान विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र प्रसाद ने की, जबकि संचालन राजेश कुमार शर्मा ने किया।

मुख्य अतिथि अरुण शीतांश ने कहा कि कुमार नयन जमीन से जुड़े साहित्यकार थे, जिन्होंने साहित्य को केवल लेखन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि ऐसे रचनाकार भले शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हों, लेकिन उनके विचार हमेशा समाज को दिशा देते रहते हैं।

कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी डॉ. सत्येंद्र कुमार ओझा ने कहा कि कुमार नयन के रग-रग में बक्सर बसता था। वे अपनी मिट्टी, समाज और लोगों से गहराई से जुड़े हुए थे। उनकी रचनाओं में बक्सर की संस्कृति, संघर्ष और संवेदनाएं साफ झलकती हैं।

रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर ने उन्हें ह्लबक्सर की आत्माह्व बताते हुए कहा कि उनके जाने से साहित्य जगत में जो खालीपन आया है, वह आज भी महसूस किया जाता है। वहीं डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, निर्मल सिंह और अन्य वक्ताओं ने कहा कि कुमार नयन केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की जरूरत है।

सभा में कवि सम्मेलन और स्मृति पाठ का भी आयोजन किया गया। गजलकार साबित रोहतस्वी ने कुमार नयन से जुड़े संस्मरण सुनाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया। फारूख सैफी ने गजल प्रस्तुत की, जबकि नंदेश्वर पांडे ने कुमार नयन की रचनाओं को गीत शैली में सुनाकर खूब सराहना बटोरी। शिक्षक संतोष केसरी, कवि धनंजय जी और डॉ. वैरागी प्रभाष ने भी अपनी रचनाओं व विचारों से माहौल को साहित्यिक बना दिया।

# बच्चे को बचाने में अनियंत्रित हुई डीसीएम चौकियां के पास पलटी कोल्ड्रिंक से भरी गाड़ी

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना-बक्सर एनएच 922 पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब कोल्ड्रिंक से लदी एक डीसीएम वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना चौकियां गांव के समीप हुई। राहत की बात यह रही कि हादसे में चालक समेत किसी भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवानगर स्थित एक पेय पदार्थ कंपनी से कोल्ड्रिंक लोड कर डीसीएम वाहन चंपारण की ओर जा रही थी। वाहन पटना-बक्सर एनएच 922 से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान चौकियां गांव के पास सड़क पार कर रहे एक महिला और बच्चे को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया। तेज रफ्तार और अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण डीसीएम सड़क किनारे जाकर पलट गई। वाहन पलटते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटना में वाहन पर लदे कोल्ड्रिंक के कई कार्टन क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सामान का नुकसान हुआ है। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कराया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार तेज रफ्तार वाहनों का दबाव बना रहता है, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की है।



कहा- 'मैं भी लिट्टी-चोखा खाने आऊंगा'

# अभिनेता सोनू सूद ने बाहुबली विधायक अनंत सिंह को मुंबई बुलाया







**एजेंसी। पटना**

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने जदयू विधायक अनंत सिंह से मिलने की इच्छा जताई है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह वीडियो कॉल पर अनंत सिंह से बात कर रहे हैं। एक अन्य व्यक्ति भी कॉल पर है, जो दोनों की बातचीत करा रहा है। इस दौरान सोनू सूद अनंत सिंह से कहते हैं, ह्यमुंबई आइए ना हमारे पास ह्ल इसके जवाब में अनंत सिंह कहते हैं कि वह आएंगे। इसके बाद सोनू सूद कहते हैं, ह्यमैं भी आऊंगा आपके पास, लिट्टी चोखा खाने आपके घर। अनंत सिंह और बॉलीवुड एक्टर के बीच वीडियो कॉल पर हुई बातचीत रिकॉर्ड कर ली गई और अब इसका वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। अनंत सिंह बिहार के मोकामा से आते हैं। वह बाहुबली नेता हैं। फिलहाल अनंत सिंह जदयू विधायक हैं, लेकिन इससे पहले वह अलग-अलग दलों से विधायक रह चुके हैं। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भी अनंत सिंह पर हत्या का आरोप लगा था। जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार कर रहे दुलारचंद यादव की हत्या कर दी गई थी। अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर हत्या का आरोप लगा था। मुख्य साजिशकर्ता होने के नाते अनंत सिंह जेल के अंदर गए थे। इसके बाद मतदान हुए और उन्होंने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की। अब अनंत सिंह को जमानत भी मिल चुकी है। इससे पहले भी अलग-अलग मामलों में जेल जा चुके हैं, लेकिन उनके परिवार का सियासी दबदबा कायम रहा है। अनंत सिंह ने यह भी साफ कर दिया है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने बताया था कि नीतीश कुमार अब बिहार के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। ऐसे में उनका चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं है।

## एक नजर

### दावथ थाना के मालियाबाग में जाम की समस्या लोगों के लिए बनी मुसीबत

**दावथ।** दावथ थाना क्षेत्र के मलियाबाग में आएं दिन जाम की समस्या बनी रहती है। रविवार को मलियाबाग में वाहनों को भीषण जाम की समस्या से जूझना पड़ा। जाम भी ऐसा की सुबह छ बजे से फंसे वाहन दो पहर दो बजे तक वाहनों को सौ मीटर बढ़ नहीं पाएं थें। जिससे बसों और छोटी गाड़ीयों में परेशान दिखे। मौके पर आई 112 की पुलिस टीम जाम को देखते ही पिछे हट गई। जाम में फंसे हुए अशोक कुमार गुप्ता, बिनोद सिंह, सुनील कुमार , शैलैश कुमार सहित कई ने बताया कि डुमरांव बिक्रमगंज एनएच 120 पर दावथ के समीप से लगभग छः किलोमीटर व बक्सर जिला के नवानगर तक कुल मिलाकर दस किलोमीटर जाम लगा हुआ है। भीषण गर्मी में खाना पानी के लिए यात्री परेशान हैं। जाम की वजह काफी संख्या में बालू लदे ट्रक, मलियाबाग में सड़क के दोनों तरफ सब्जी, ठेला की दुकान और एक दूसरे से जल्दी निकलने की वाहनों की होड़ कारण बनी हुई है। मलियाबाग बाजार की सड़कें करीब डेढ़ सौ मीटर चौड़ी है लेकिन अवैध अतिक्रमण से मात्र बीस फीट ही सड़क बच्ची है। बाद में आई पुलिस ने जाम हटाने की भरपूर कोशिश कर रही थी लेकिन जाम था कि हटने का नाम नहीं ले रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियार ने बताया कि मलियाबाग, दावथ जाम पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रही है। शादी समारोह में आने जाने वाले लोगों के लिए और बड़ी समस्या है। तय समय पर व्यगत स्थान पर नहीं पहुंच पाते हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया तो जाम से कुछ निजात मिलेगी।

### वाहन जांच अभियान में पुलिस ने वसूला 23 हजार का जुर्माना

**नवादा ।** जिला पदाधिकारी अभिनव धीमान के निर्देश पर अपराध नियंत्रण व यातायात नियमों के अनुपालन के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में समय-समय पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान रजौली थाना क्षेत्र में बिना हेलमेट,बिना दस्तावेज के चालाकों से 23000 रुपए का जुमार्ना पुलिस ने वसूला है। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों व राहगीरों में हड़कंप मचा रहा इस दौरान डिक्की के साथ-साथ वैध कागजात की भी जांच की जा रही थी बिना कागजात के वाहनों को जब्त भी किया गया। वही जांच कर रही पुलिस एसआई सचिन कुमार ने बताया कि अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन चेकिंग अभियान वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर चलाया जा रहा है जांच के क्रम में पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने,कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन की गति में नियंत्रण रखने,वाहन के सभी कागजात को दुरुस्त रखने का निर्देश देते हुए वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला है साथ ही एक बाइक पर तीन सवारों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रही। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और लफंगों बिना हेलमेट वाले बाइक सवार पर लगातार जुमार्ना किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज-नटवार मुख्य मार्ग पर नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत महरोड़ गांव के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई । अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया । हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया । जानकारी के अनुसार करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलवैया निवासी स्वर्गीय टुन्ना राम के 30 वर्षीय पुत्र रामाशीष राम अपनी बाइक से नटवार थाना क्षेत्र के ग्राम नदौआ से अपने घर लौट रहे थे । इसी दौरान महरोड़ गांव के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े । घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर रूप से घायल रामाशीष राम को प्राथमिक उपचार के लिए दिनारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# बिहार की उच्च शिक्षा में बड़ा बदलाव : अब विश्वविद्यालयों में कराया जाएगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स



### कोर्स की रूपरेखा और रोजगार के अवसर

नाइलिट ने इन कोर्सेज को उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया है। कोर्सेज की अवधि 90 घंटे से लेकर 540 घंटे तक रखी गई है। पाठ्यक्रम में केवल एआई ही नहीं, बल्कि कई अन्य आधुनिक विषय भी शामिल हैं.

- आर्टिफिशियल
- साइबर सुरक्षा
- थ्री-डी प्रिंटिंग
- डेटा एनालिटिक्स

कोर्स पूरा होने के बाद छात्रों को सर्टिफिकेट तो मिलेगा ही, साथ ही नाइलिट के नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न नामी कंपनियों में प्लेसमेंट के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। इससे बिहार के छात्रों का पलायन रुकेगा और उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर करियर बनाने का मौका मिलेगा।

### संसाधनों की जुगत और नोडल अधिकारियों की तैनाती

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जल्द से जल्द अपने यहां आवश्यक संसाधनों (जैसे कंप्यूटर लैब और हाई-स्पीड इंटरनेट) की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही, बेहतर समन्वय के लिए हर विश्वविद्यालय में एक नोडल अधिकारी' नियुक्त करने को कहा गया है, जो नाइलिट के विशेषज्ञों और छात्रों के बीच एक सेतु का काम करेंगे। बिहार के विश्वविद्यालयों में होने वाला यह बदलाव शिक्षा जगत के लिए एक बड़ा 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। अब देखना यह है कि जुलाई से शुरू होने वाले इन कोर्सेज का लाभ उठाकर बिहार के युवा वैश्विक तकनीक की दौड़ में कितनी तेजी से आगे बढ़ते हैं।

**एजेंसी। पटना**

बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक नए युग की शुरूआत होने जा रही है। राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों में पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य स्किल-बेस्ड कोर्स शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। ये कोर्स जुलाई सत्र से शुरू किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग का यह कदम राज्य के युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे छात्रों को न केवल आधुनिक शिक्षा मिलेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। इस योजना को लागू करने के लिए विभाग ने पहले ही राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) के साथ समझौता (MoU) किया था। इसके तहत ठक्एछक्ळ के विशेषज्ञ विश्वविद्यालयों में जाकर छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के तहत स्नातक के छात्र अपनी सामान्य पढ़ाई के साथ तकनीकी कोर्स भी चुन सकेंगे। यानी अब छात्र इतिहास, भूगोल जैसे विषयों के साथ अकऔर साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक विषय भी पढ़ सकेंगे। नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से छात्र अपने पसंदीदा कोर्स में दाखिला ले सकेंगे। NIELIT द्वारा तैयार किए गए ये कोर्स उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। इनकी अवधि 90 घंटे से लेकर 540 घंटे तक होगी। प्रमुख कोर्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), साइबर सुरक्षा, 3डी प्रिंटिंग और डेटा एनालिटिक्स शामिल हैं। कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों को प्रमाणपत्र के साथ-साथ प्लेसमेंट के अवसर भी मिलेंगे। इससे बिहार के युवाओं को अन्य राज्यों में पलायन करने की जरूरत कम होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे कंप्यूटर लैब, हाई-स्पीड इंटरनेट और अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था जल्द पूरी करें। हर विश्वविद्यालय में एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा, जो NIELIT और छात्रों के बीच समन्वय का कार्य करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव ला सकती है। जुलाई से शुरू होने वाले ये कोर्स राज्य के युवाओं को वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में मजबूत स्थिति में ला सकते हैं और उन्हें बेहतर करियर अवसर प्रदान कर सकते हैं।

# गवान महावीर स्वामी ज्ञान कल्याणक महोत्सव में 108 कलशों से हुआ भव्य मस्तकाभिषेक



**केटी न्यूज/आरा**

शिवगंज स्थित श्री दिगंबर जैन जल मंदिर में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ज्ञान कल्याणक महोत्सव बड़े ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। प्रातः समय में प्रतिष्ठाचार्य पं गुलाब चंद जैन व पं अजय जी के मंगल निर्देशन में भगवान महावीर स्वामी का जलाभिषेक, भव्य पंचामृत अभिषेक, मंगल आरती, पुष्वृष्टि, भक्ति, जन्म समय की आरती, स्वयंभू स्त्रोत, वृहद शांतिधारा एवं पूजन भक्तों के द्वारा किया गया। जिसमें शांतिधारा करने का सौभाग्य डॉ स्मिता जैन एवं ब्रह्म सुलोचना दीदी को प्राप्त हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म में तीर्थंकरों (भगवान) की पांच कल्याणक मनायी जाती है जिसमें गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान, एवं मोक्ष कल्याणक होते है। वैशाख शुक्ल दशमी तिथि को भगवान महावीर स्वामी को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था। अतः इस महत्वपूर्ण अवसर पर जल मंदिर उपसमिति के तत्वावधान में ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया। महोत्सव के समापन पर अनुप्रिया जैन के द्वारा शीतल पेय एवं फल वितरण किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में संयोजक मनोज जैन, सह संयोजक निलेश कुमार जैन, नेहा जैन, पूजा जैन, वार्ड पार्षद रेखा जैन, प्रियंका जैन, जूही जैन, अजय जैन, श्रीकुमारी, सीमा जैन, सुचिता जैन, सलोनी जैन, रीना जैन, ऊषा जैन, रश्मि जैन, गीता जैन, अर्चना जैन, कल्पना जैन, अशोक कुमार जैन, आर्किटेक्ट निशि जैन, विनीता जैन, अभय जैन, रत्ना जैन, सोनू जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण की भूमिका अहम रही।

# कन्हैया के समर्थन में पूर्व विधायक सुनील पांडे ने संभाला मोर्चा



**केटी न्यूज। आरा**

बिहार विधान परिषद की स्थानीय निकाय की भोजपुर-बक्सर सीट के लिए हो रहे चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद के समर्थन में पूर्व विधायक सुनील पांडेय,प्रभुनाथ प्रसाद सहित कई अन्य दिग्गजों ने मोर्चा संभाल लिया है। ये राजनीतिक दिग्गज क्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ जगह जगह बैठकें आयोजित कर पंचायत प्रतिनिधियों को कन्हैया प्रसाद के पक्ष में गोलबंद कर रहे हैं। रविवार को पीरो के वैभव होटल में उक्त चुनाव को लेकर एनडीए कार्यकताओं व पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक में सुनील पांडेय सहित अन्य दिग्गज रणनीति बनाते नजर आए। यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अक्षय लाल चौधरी व संचालन भाजपा के पीरो नगर अध्यक्ष रोहित वर्मा ने की ।बैठक में पूर्व विधायक सुनील पांडेय, प्रभुनाथ प्रसाद, मदन स्नेही,आमोद राय,सुनील सिंह, प्रो जगन्नाथ सिंह,वंदना राजवंशी ,राकेश सिंह, अनिल सिंह, अशोक कुशवाहा, राजू कुशवाहा, अरुण प्रताप सिंह, रवि रंजन राय, परशुराम चौबे,बैजनाथ उपाध्याय, नीलेश उपाध्याय, बैजनाथ सिंह, सोनू पांडेय,गोल्डी सिंह,विक्की सिंह,चिंटू पांडेय,गुड्डु सिंह,रवि केशरी,राहुल गुप्ता,अमन गुप्ता,धर्मवीर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता के अलावे कई पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे ।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में इनामी कुख्यात अपराधी टिंकू यादव को लगी गोली




**केटी न्यूज। नवादा**

रविवार को जिला पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में इनामी बदमाश टिंकू यादव को लगी गोली। जिसका जख्मी हालत में अस्पातल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि नवादा जिले में पुलिस और अपराधी के बीच दोपहर में हुई मुठभेड़ का मुख्य कारण 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश टिंकू यादव को पकड़ना था। जिसके लेकर पुलिस ने रविवार को एनकाउंटर अभियान चलाते हुए उसके पैर में गोली मारकर घायल कर गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना को अंजाम रोह थाना क्षेत्र के कोसी गांव के पास दिया गया। इस संदर्भ में जिला एसपी अभिनय धीमान ने बताया कि जिला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधी में छिपा है जिसके आधार को रोह थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी को देखते ही अपराधी टिंकू यादव ने दो राउंड फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करने लगी तभी भागने की कोशिश कर रहा अपराधी टिंकू यादव के पैर में गोली लग गई। जिसके बाद वह जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा। जिसे पुलिस ने दबोच उसे तत्काल ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। दूसरी तरफ गिरफ्तार अपराधी की पहचान नागेश्वर यादव के पुत्र टिंकू यादव के रूप में हुई है।

**अपराधी पर कई संगीन मामले दर्ज :** कुख्यात अपराधी पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामलें दर्ज है। जो अनिल मिस्त्री के पूर्व हत्याकांड में भी वांछित था। इस संबंध में नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि पुलिस टीम पर पहले अपराधी द्वारा पहले फायरिंग की गई थी। इसके जवाब में पुलिस ने अपने आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए अपराधी के पैर में गोली मार जख्मी कर दिया। हालांकि अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार उसके विरुद्ध सभी अपराधकांड को खंगालते हुए इससे जुड़े अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया जायेगा।

# शिक्षक हत्याकांड में गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर उतरेंगे शिक्षक संघ



**केटी न्यूज। आरा**

बड़हरा प्रखंड स्थित गजियापुर पंचायत के तुलसी छपरा गांव में शिक्षक नीरज कुमार पाल की हत्या को लेकर आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। घटना के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे शिक्षक समुदाय में भारी नाराजगी है। रविवार को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की भोजपुर इकाई का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु के नेतृत्व में मृतक शिक्षक के घर पहुंचा और शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष मंटु ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि नामजद प्राथमिकी के बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं होना गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो शिक्षक संघ सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगा। उन्होंने थानाध्यक्ष सुजीत कुमार से फोन पर बात कर तत्काल कार्रवाई की मांग भी दोहराई। बताया जाता है कि नीरज कुमार पाल फरहदा स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक थे। बृहस्पतिवार को अहले सुबह करीब 4:20 बजे घर के पास ही उन्हें गोली मार दी गई थी। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी प्रमिला देवी और दोनों पुत्रों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं वृद्ध पिता विश्वनाथ पाल की हालत दयनीय है। संघ के पदाधिकारियों ने इस घटना को समाज के लिए बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक ही सुरक्षित नहीं हैं, तो शिक्षा व्यवस्था की कल्पना कैसे की जा सकती है। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी मो.शौकत अली,प्रधान सचिव परमेश्वर पासवान, नगर अध्यक्ष मो.असलम रजा, प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

# भोजपुर : ज्ञानपुर हत्याकांड का मुख्य आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

- टेक्निकल सर्विलांस के सहारे राजस्थान से दबोचा गया फरार आरोपी




**केटी न्यूज। आरा**

प्रखंड के गिधा थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्ञानपुर गांव में युवक रवि कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कांड के मुख्य अभियुक्त सरोज कुमार राय को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि 21 मार्च को हुई इस हत्या के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था। टेक्निकल सर्विलांस के जरिए उसकी लोकेशन ट्रेस की गई, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने जयपुर के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र की गली नंबर 17 में दबिश दी। इस दौरान स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह अपने किराये के मकान से सब्जी लेने निकला था।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने हत्या में प्रयुक्त हथियार को गांव के समीप नदी में फेंक देने की बात स्वीकार की है। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर नदी में हथियार की तलाश की, हालांकि अब तक उसमें सफलता नहीं मिल सकी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि घटना के बाद अभियुक्त राजस्थान भाग गया था और वहीं नौकरी की आड़ में छिपकर रह रहा था।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर रविवार को अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दूसरी तरफ पुलिस इस कांड से जुड़े अन्य बिंदुओं पर गहन जांच में जुटी है।

# नगर परिषद में टेंडर घोटाले का बड़ा खेल : करोड़ों की बंदरबांट का आरोप, सरकार से जांच की मांग

**एजेंसी। पटना**

बिहार के गया जिले के शेरघाटी नगर परिषद में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। पूर्व मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा शेरघाटी के मीडिया प्रभारी विनय कुमार ने प्रेस वार्ता कर गंभीर आरोप लगाए हैं और इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए बिहार सरकार को लिखित शिकायत भेजी है। विनय कुमार का आरोप है कि नगर परिषद के मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी की मिलीभगत से योजनाओं में जमकर घोटाले किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फाउंटेन, पेंटिंग, वाटर एटीएम, लाइटिंग और




ओपन जिम जैसी योजनाओं में नियमों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से टेंडर दिए गए। सबसे बड़ा आरोप फाउंटेन टेंडर को लेकर लगाया गया है। दावा है कि सुनियोजित साजिश के तहत जय शिव कंस्ट्रक्शन, के. इंटरप्राइजेज और सनराइज इंटरप्राइजेज जैसी कंपनियों को काम दिया गया, जबकि इन कंपनियों के पास जरूरी दस्तावेज तक नहीं थे। केवल पैन कार्ड, जीएसटी और कैंसिल चेक के आधार पर टेंडर दे दिए गए, जो नियमों के खिलाफ है।पेंटिंग के काम में भी बड़े घपले का आरोप है। बताया गया कि करीब 70 हजार स्क्वायर फीट में पेंटिंग दिखाकर लाखों रुपये निकाले गए, जबकि वास्तविकता में काम तय स्थानों पर हुआ ही नहीं। आरोप है कि नेशनल हाईवे पर बिना जरूरत के पेंटिंग कराकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया। इस काम के लिए लगभग 1 करोड़ 14 लाख रुपये का टेंडर दिया गया और प्रति स्क्वायर फीट 163 रुपये से अधिक की दर वसूली गई। इतना ही नहीं, लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए वाटर एटीएम में भी अनियमितता का आरोप लगा है। विनय कुमार के अनुसार, इन एटीएम को निर्धारित सार्वजनिक स्थलों की बजाय अन्य जगहों पर लगाया गया। इसके अलावा एलईडी लाइट, डिस्प्ले बोर्ड और ओपन जिम जैसी योजनाओं में भी घोटाले की बात कही गई है।सबसे गंभीर आरोप यह है कि जिन कंपनियों को टेंडर दिया गया, वे या तो मुख्य पार्षद या कार्यपालक पदाधिकारी के रिश्तेदार, परिचित या मित्र बताए जा रहे हैं। आरोप है कि बिना पूरी प्रक्रिया और ईएमडी के इन कंपनियों को सफल घोषित कर दिया गया, ताकि मनमाने तरीके से काम और भुगतान किया जा सके। विनय कुमार ने अपने आवेदन में यह भी कहा है कि कई फर्मों का रजिस्ट्रेशन टेंडर जारी होने से कुछ ही समय पहले हुआ, फिर भी उन्हें काम दे दिया गया। यहां तक कि एक फर्म नगर परिषद के ही एक जेई के पिता के नाम पर रजिस्टर्ड बताई जा रही है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराई जाए और पिछले 10 महीनों में हुए सभी टेंडरों की समीक्षा की जाए। साथ ही मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी के कॉल डिटेल की जांच कराने की भी मांग उठाई गई है, ताकि कथित मिलीभगत का खुलासा हो सके। विनय कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी अपनी पिछली पोस्टिंग में पुनपुन नगर पंचायत में भी इसी तरह के मामलों में विवादों में रही हैं। ऐसे में उन्होंने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर जांच कराने की मांग की है।

# स्कूल के समय को लेकर पटना डीएम का नया आदेश जारी, भीषण गर्मी को लेकर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी। पटना**

बिहार में भीषण गर्मी को देखते हुए पटना के डीएम ने स्कूल समय के लिए आदेश जारी किया है। उनके आदेश के अनुसार राजधानी पटना की सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय 11:30 बजे तक ही चलेंगे। प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भी इस आदेश का पालन करेंगे। पटना के डीएम ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा है कि जिले में रह रहे अधिक तापमान, विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163



के तहत जिले के सभी निजी और सरकारी विद्यालयों में वर्ग-08 तक (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) की गतिविधियों पर पूर्वा० 11:30 बजे के बाद प्रतिबंध लगा दिया है। विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निदेश दिया गया है कि वे इस आदेश के अनुसार ही शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करें। यह आदेश दिनांक-27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक लागू रहेगा।

## पहले ही दौरे में बड़ा दांव!

# सीएम सम्राट चौधरी ने मुंगेर में 12.49 करोड़ की योजना का किया शिलान्यास



### विकास कार्यों को और तेज करने की जरूरत

उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काफी काम हुआ है, लेकिन अब इन विकास कार्यों को और तेज गति देने की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में ब्लॉक, अंचल और थाना स्तर पर व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा निगरानी की जाएगी।

### ढोल पहाड़ी में इको टूरिज्म परियोजना का शिलान्यास

संबोधन के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ढोल पहाड़ी के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने इको टूरिज्म योजना के तहत लगभग 12.49 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसके बाद वे अपने गांव लखनपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और फिर तारापुर स्थित सिंचाई प्रमंडल कार्यक्रम स्थल पर आमजन के सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके साथ ही वे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, तेलडीहा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और माहपुर में आयोजित यज्ञ में शामिल होकर हेलीकॉप्टर से पटना के लिए रवाना होंगे।


**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को मुंगेर के असरगंज प्रखंड के अमैया पंचायत के बैजलपुर गांव स्थित काली मंदिर के प्रांगण में पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे पहली बार इस क्षेत्र से विधायक बने हैं और पहली बार ही बिहार के मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। यह उनके लिए गर्व के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे पहले कई बार विधायक और विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं, लेकिन अपने जन्मस्थान की सेवा करने का यह पहला मौका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से उन्हें बिहार का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने इसे एक चुनौती बताते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बिहार को समृद्धि की राह पर आगे बढ़ाना और विकसित भारत के सपने को साकार करना है। उन्होंने मन की बात में बताए गए विषयों का जिक्र करते हुए भगवान गौतम बुद्ध के शांति संदेश और साइबेरियन पक्षियों के आगमन की भी चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काफी काम हुआ है, लेकिन अब इन विकास कार्यों को और तेज गति देने की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में ब्लॉक, अंचल और थाना स्तर पर व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा निगरानी की जाएगी। संबोधन के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ढोल पहाड़ी के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने इको टूरिज्म योजना के तहत लगभग 12.49 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसके बाद वे अपने गांव लखनपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और फिर तारापुर स्थित सिंचाई प्रमंडल कार्यक्रम स्थल पर आमजन के सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके साथ ही वे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, तेलडीहा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और माहपुर में आयोजित यज्ञ में शामिल होकर हेलीकॉप्टर से पटना के लिए रवाना होंगे।

# बिहार में ममता हुई शर्मसारः मां ने 5 महीने की बेटी को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मोकामा से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है। मामूली पारिवारिक विवाद में एक मां ने अपनी ही पांच महीने की मासूम बेटी की जान ले ली। इतना ही नहीं, वारदात के बाद उसने अपनी सास को फंसाने की साजिश भी रच डाली। घटना मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा पंचायत वार्ड-6 की बताई जा रही है। मृत बच्ची की पहचान मुस्कान के रूप में हुई है, जिसकी उम्र महज पांच महीने थी। वहीं इस घटना में महिला का ढाई साल का बेटा अंकित कुमार भी घायल हो गया है। इस खौफनाक वारदात ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी महिला चांदनी देवी के पति गांधीनगर में मजदूरी करते हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी बहन की शादी के लिए अपनी मां के खाते में 20 हजार रुपये भेजे थे। इसी बात को लेकर चांदनी देवी नाराज हो गई और पति से विवाद शुरू कर दिया। मामूली बात पर शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि उसने अपना आपा खो दिया। बताया जाता है कि गुस्से में आकर चांदनी देवी ने अपनी पांच महीने की बेटी को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। मासूम बच्ची इस हिंसा को सहन नहीं कर पाई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान बीच-बचाव करने आए ढाई साल के बेटे अंकित को



भी चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी महिला ने अपने मायके वालों के साथ मिलकर एक नई कहानी गढ़नी शुरू कर दी। उसने अपनी सास निशा देवी पर बच्ची की हत्या का आरोप लगाना शुरू कर दिया। लेकिन गांव के लोगों ने उसकी इस बात पर भरोसा नहीं किया, क्योंकि कई लोगों ने खुद उसे बच्ची की पिटाई करते हुए देखा था। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जब पुलिस ने मासूम अंकित से पूछताछ की, तो उसने मासूमियत में पूरी सच्चाई बता दी। बच्चे ने साफ कहा कि उसकी मां ने ही उसकी बहन को पीटा था। यह बयान इस पूरे मामले का अहम मोड़ साबित हुआ। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि आरोपी चांदनी देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश और हैरानी का माहौल है। लोग इस बात से स्तब्ध हैं कि एक मां, जिसे अपने बच्चे के लिए सबसे सुरक्षित माना जाता है, वही इतनी निर्दयी कैसे हो सकती है। इधर, पटना सिटी इलाके से भी एक अलग हत्या का मामला सामने आया है। यहां नालंदा के बिहारशरीफ निवासी 33 वर्षीय शंकर प्रसाद का शव बहादुरपुर की जय महावीर कॉलोनी के पास एक मैदान में मिला। उसके शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं, जिससे साफ है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। **एजेंसी। पटना**डीएसपी राजकिशोर सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक को एक युवक अपने साथ लॉज में लेकर आया था, जो घटना के बाद से फरार है। पुलिस को शक है कि उसी ने हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की गहन जांच जारी है।

# झारखंड में भीषण सड़क हादसा : बिहार के एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत, गांव में पसरा मातम

**एजेंसी। पटना**

झारखंड के हजारीबाग में एक दर्दनाक सड़क हादसे में गया जिले के एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक आमस थाना क्षेत्र के साव कला पंचायत के तेतरिया गांव के निवासी थे। एक ही परिवार के खत्म हो जाने से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों की पहचान शिव कुमार मांझी, उनकी पत्नी रूबी कुमारी, बेटी सोनी और सुहानी, ससुर कृत मांझी तथा उनके पोते प्रेम कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शिव कुमार मांझी मूल रूप से गया के रहने वाले थे, लेकिन अपने परिवार के साथ धनबाद में रहते थे और वहीं नौकरी करते थे। वे अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। राहत की



बात यह रही कि उनका बड़ा बेटा, जो धनबाद में ही रहता है, शादी में शामिल नहीं हुआ था, जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय जानकारी के अनुसार, यह हादसा चौपारन थाना क्षेत्र के दनुआ जंगल के पास हुआ, जहां उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि शिव कुमार झरिया कोलियरी में कार्यरत थे और गुरुआ थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में अपनी फुआ के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद तेतरिया गांव समेत पूरे इलाके में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कटिहार में ठनका गिरने से 3 की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

**एजेंसी। पटना**

बिहार के कटिहार जिले में लोग भीषण गर्मी से परेशान थे लेकिन आज अचानक मौसम बदला और तेज आंधी बारिश हुई। लेकिन इस बारिश ने तीन लोगों की जान ले ली। ठनका गिरने से कटिहार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना से मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ठनका गिरने से कटिहार में अलग-अलग जगहों पर यह घटना हुई है। आजमनगर के शीतलमनी पंचायत निवासी 65 वर्षीय मो. अब्बास, कोढ़ा प्रखंड के चंदवा पंचायत के रहने वाले 27 वर्षीय मंगलेश कुमार और सेमापुर थानाक्षेत्र के इस्लामपुर सुखासन गांव के 45 वर्षीय अकमल हुसैन की मौत ठनका गिरने से हुई है। 65 साल के अब्बास की मौत तब हुई जब वो मवेशी को लाने के लिए बहियार गये हुए थे। वो आजमनगर प्रखंड के शीतलमनी पंचायत स्थित कोरोबारी गांव के रहने वाले थे। वही कोढ़ा प्रखंड के चंदवा पंचायत के खुदना गांव में 27 साल के मंगलेश यादव की भी ठनका गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी। मंगलेश की मौत की खबर मिलते ही पत्नी डोली देवी, तीन बेटियां और एक बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। वही सेमापुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर सुखासन गांव में 45 वर्षीय अकमल हुसैन की भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। अकमल की मौत तब हुई जब वो मक्का की फसल कटाई के बाद खेत में काम कर रहे थे, उसी वक्त अचानक बारिश और तेज आंधी चलने लगी और तभी ठनका उनके ऊपर गिरा और तुरंत उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवारों को हर संभव मददका भरोसा जताया।

# शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा, गैस सिलेंडर लीकेज से लगी आग, दर्जनभर लोग झुलसे

**एजेंसी। पटना**

बिहार के जहानाबाद जिले में एक शादी समारोह उस वक्त हादसे में बदल गया, जब खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से रिसाव होने पर अचानक आग लग गई। इस घटना में परिवार के सदस्य और रिश्तेदार समेत एक दर्जन से अधिक लोग झुलस गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना जहानाबाद के काको प्रखंड के भेलावर थाना क्षेत्र अंतर्गत धरमपुर गांव की है। यहां एक घर में शादी का माहौल था और सभी लोग खुशी और उत्साह में शामिल थे। इसी दौरान खाना बनाने के समय गैस सिलेंडर से रिसाव हुआ और अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।आग की चपेट में आकर परिवार के सदस्य और रिश्तेदार मिलाकर करीब एक दर्जन से अधिक



लोग झुलस गए। घायलों में ममता कुमारी, संगीता देवी, सिताबो देवी, लक्ष्मी देवी, पूजा कुमारी सहित कई लोग शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत जहानाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इनमें से दो-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गांव के बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल की गाड़ी भी बुलाकर आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, जहानाबाद जिले में बढ़ती गर्मी के बीच 12 घंटे के अंदर आग लगने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले एक बारात जा रही सुमो गाड़ी में अचानक धुआं उठने के बाद आग लग गई थी, हालांकि उसमें सवार बाराती बाल-बाल बच गए थे।

## दोपहर 1.35 बजे तक के लिए अलर्ट जारी

# बिहार के 6 जिलों में आंधी-पानी-वज्रपात की चैतावनी



**एजेंसी। पटना**

बिहार में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। विभाग के अनुसार मेघ गर्जन, वज्रपात (ठनका), तेज हवा और मध्यम से भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। पहले जारी अलर्ट में सुपौल जिला के लिए विशेष चेतावनी दी गई थी, जहां दोपहर 1:35 बजे तक मौसम के खतरनाक बने रहने की आशंका जताई गई। इसके तुरंत बाद विभाग ने अलर्ट का दायरा बढ़ाते हुए अररिया जिला, दरभंगा जिला, पूर्णिया जिला, मधेपुरा जिला, सहरसा जिला और सुपौल जिला को भी इसमें शामिल कर लिया। इन सभी जिलों में दोपहर 1:50 बजे तक ऑरेंज अलर्ट प्रभावी रहने की बात कही गई है। विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने (वज्रपात) का खतरा अधिक है, जो जानलेवा साबित हो सकता है। इसके साथ ही तेज हवाएं और बारिश से पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और जलजमाव जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों से बाहर न निकलें। खासकर खुले मैदान, खेत, पेड़ के नीचे या बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचें। किसानों और मजदूरों को भी इस दौरान काम रोककर सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है। आपदा प्रबंधन विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर अलर्ट को आगे भी बढ़ाया जा सकता है। स्थानीय प्रशासन को भी सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है।

# नेपाल सीमा से 11 संदिग्धों के बिहार में घुसने का इनपुट इंटेलिजेंस की रिपोर्ट से सुरक्षा एजेंसिया अलर्ट, एसओपी जारी

**एजेंसी। पटना**

नेपाल के सीमावर्ती इलाकों के रास्ते 11 संदिग्ध घुसपैठियों के बिहार में प्रवेश की सूचना के बाद राज्य में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की इस रिपोर्ट ने पुलिस महकमे में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। नेपाल बॉर्डर पर हालिया भंसार विवाद के बाद दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल के बीच इस इनपुट को पुलिस मुख्यालय ने बेहद गंभीरता से लिया है। स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलाधिकारियों, एसएसपी और रेल एसपी को एसओपी जारी कर संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान और जांच के निर्देश दिए हैं। इससे पहले भी बंगाल चुनाव के दौरान प्रतिबंधित



आतंकी संगठनों की संभावित गतिविधियों को लेकर खुफिया इनपुट के बाद कई जिलों को अलर्ट पर रखा गया था। जारी एसओपी में निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों में विदेशी नागरिकों के आवासन से जुड़ी जानकारी जुटाई जाए। थानों को होटल, लॉज, छात्रावास, मुसाफिरखाने और अन्य ठहराव स्थलों की सघन जांच करने तथा किरायेदारों और यात्रियों का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया है। खुली भारत-नेपाल सीमा को देखते हुए लगातार निगरानी पर जोर दिया गया है। इसके अलावा एनएच पर स्थित सभी टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज की जांच, रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्म, रिटायरिंग रूम और कैंटीन की निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। रेल यात्रियों की जांच पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय ने राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल, बस अड्डे, टैक्सी और ऑटो स्टैंड, अस्पताल, हवाई अड्डे और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा और निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया है। इन स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच भी अनिवार्य की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष शाखा ने डीजीपी के साथ-साथ एटीएस, सभी क्षेत्रीय आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारियों को भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए कहा है।